विरोध | विधायक कार्यालय के बाहर कांग्रेसियों ने जमकर की नारेबाजी

# दूषित पानी से मौत के विरोध में घंटा बजाकर किया प्रदर्शन




**ब्योहारी।** इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पानी की सप्लाई से हुई मौते और बड़ी संख्या में लोगों के बीमार होने की घटना को लेकर रविवार को ब्योहारी विधायक कार्यालय में मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी शहडोल के अध्यक्ष अजय अवस्थी के आवाहन पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी ब्योहारी एवं उप ब्लाक बनसुक्ली और अमझोर द्वारा हल्ला बोल प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता ब्योहारी रेस्ट हॉउस से रैली निकाल कर विधायक कार्यालय पहुंचे और वहां घंटा बजाकर प्रदेश सरकार व नगर निगम के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए कैलाश विजयवर्गी मुर्दाबाद के नारे लगाये गये। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि नगर निगम की गंभीर लापरवाही के कारण क्षेत्र में जहरीले पानी की आपूर्ति हुई, जिससे अब तक 15 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कई महिलाएँ, पुरुष और मासूम बच्चे विभिन्न अस्पतालों में भर्ती हैं इसके बावजूद मंत्री कैलाश विजयवर्गी द्वारा गैरजिम्मेदाराना वर्ताव करते हुए मीडिया के सामने घंटा शब्द असोभनीय टिप्पणी कर अपनी मानसिकता को जगजाहिर किया है। उन्होंने इसे प्रशासनिक चूक बताते हुए कहा कि समय रहते पानी की गुणवत्ता की जांच और निगरानी होती, तो इतनी बड़ी जनहानि नहीं होती। नेताओं ने बताया कि इससे पहले भी वे इस मुद्दे को लेकर कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन कर चुके हैं और इस्तीफे की मांग की थी, लेकिन सरकार ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया। इससे जनता में आक्रोश और बढ़ गया है। कांग्रेसियो ने मांग की है कि इस पूरे मामले में नगर निगम, महापौर, संबंधित वार्ड पार्षद और स्थानीय शासन मंत्री की जिम्मेदारी तय कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए तथा पीड़ित परिवारों को न्याय और मुआवजा दिया जाए। प्रदर्शन में ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष शेख रब्बानी, बनसुकली अमझोर उप ब्लांक अध्यक्ष अनिल पटेल, पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी रामलखन सिंह,जिला पंचायत सदस्य एवं युवा नेता विधानसभा पुष्पेन्द्र पटेल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरिशंकर कोरी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुन्दर लाल गुप्ता,कांग्रेस नेता राजेश मिश्रा, कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ ब्लाक अध्यक्ष अनुपम सक्सेना, पूर्व अध्यक्ष युवा कांग्रेस विधानसभा अजय शुक्ला, पूर्व जिला महामंत्री युवा कांग्रेस विक्रम सिंह, सचिव जिला कांग्रेस पप्पू साकेत, विधानसभा उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस संदीप पटेल, अंकित गुप्ता (बल्ली), ब्लाक उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस बसंत साहू,पूर्व महासचिव युवा कांग्रेस मुकेश तिवारी,ब्लाक अध्यक्ष कांग्रेस अनुसूचित जाति जितेन्द्र साकेत, आदित्य पटेल, राजकुमार पटेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कड़कड़ाती ठंड में निराश्रितों को नपा टीम पहुंचा रही रैन बसेरा

**शहडोल ।** कड़कड़ाती ठंड में शहर के सार्वजनिक स्थलों रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, प्रमुख चैराहों में खुले आसमान के नीचे रात गुजारने वाले निराश्रित लोगों को नगरपालिका शहडोल एवं कोतवाली पुलिस द्वारा जयस्तम्भ, स्थित रैन बसेरा में पहुंचाया जा रहा है। ज्ञातव्य हो कि बीते 17 नवम्बर से शुरू किए गए इस अभियान के माध्यम से अब तक 54 निराश्रित व्यक्तियों को रैन बसेरा में पहुंचाया गया है। यह अभियान मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री अक्षत बुंदेला तथा कोतवाली थाना प्रभारी श्री राघवेन्द्र तिवारी, की टीम के प्रयासों से संचालित है। शहरी आजीविका मिशन के सिटी मैनेजर ने बताया कि रैन बसेरा में पहुंचाकर उनके रहने की समुचित व्यवस्था की जा रही है। जिससे निराश्रित एवं जरूरत मंद लोग सुकून से रात गुजार सकें।



## श्री गुरु गोविंद सिंह का प्रकाश पर्व आज

**शहडोल।** सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज का प्रकाश पर्व 6 जनवरी को गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में मनाया जाएगा। प्रकाश पर्व के लिए गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा घरौला मोहल्ला में विशेष सजावट की गई है।इस अवसर पर भाई मनप्रीत सिंह जी नासिक वाले विशेष कीर्तन दीवान सजाएगें।6 जनवरी दिन मंगलवार को सुबह 9:00 बजे श्री गुरु ग्रंथ साहब के अखंड पाठ की समाप्ति होगी।सुबह 11बजे से दोपहर 12:30 बजे तक भाई मनप्रीत सिंह जी नासिक वाले कीर्तन दीवान सजाएंगे।दोपहर 12:30 बजे से 1 बजे तक गुरु घर के हजूरी रागी ज्ञानी धर्म सिंह जी कीर्तन करेंगे। अरदास के बाद लंगर बरताया जावेगा।रात के दीवान में शाम 7:30 बजे से लेकर 9:00 बजे तक नासिक से आए भाई मनप्रीत सिंह कीर्तन करेंगे। अरदास के बाद गुरु का लंगर बरताया जाएगा। रात को रंगारंग आतिशबाजी का कार्यक्रम रखा गया है।श्री गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने शहडोल नगर के सभी नागरिकों से अपील की है कि श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के प्रकाश पर्व पर आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होकर गुरु की खुशियां प्राप्त करें।



# अधिवक्ता संघ का चुनाव, भगवान सिंह बने अध्यक्ष

**ब्योहारी।** सिविल कोर्ट ब्योहारी मे अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सचिव पद सहित विभिन्न पदों के लिये शांति पूर्ण ढंग से रविवार को चुनाव सम्पन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सचिव पद पर सबसे कड़ा मुकाबला देखने को मिला। चुनाव को लेकर सुबह से ही कचेहरी मे गहमा-गहमी शुरु हो गयी थी। अध्यक्ष पद के लिये चार उम्मीदवार मैदान मे रहे, इनमे भगवान सिंह ने 99 मत, राजकुमार शर्मा ने 70 मत, रामबदन पाण्डेय ने 22 मत एवं रामसत्य पटेल ने 22 मत हासिल किये जिसमे एड. भगवान सिंह अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए। उपाध्यक्ष पद के लिये भी चार प्रत्याशी विजय मिश्रा, सुरेशचंद्र जयसवाल, ओम प्रकाश पटेल और कृष्णकांत शर्मा रहे जिसमें उपाध्यक्ष पद के लिये ओम प्रकाश पटेल निर्वाचित हुए। वंही सचिव पद के लिये दो प्रत्याशी एड. मुकेश पटेल और संदीप कुमार मिश्रा शामिल रहे जिसमे सचिव पद के लिये संदीप कुमार मिश्रा निर्वाचित हुए। कोषाध्यक्ष पद पर एड. रामकृष्ण गुप्ता, पुस्तकालय प्रभारी एड.ओम प्रकाश पटेल और कार्यकरणी सदस्य मे एड.जमुना प्रसाद कुशवाहा, एड.भागवत पटेल, एड.उमारमन द्विवेदी, एड. अफसर खान और एड. सुश्री सपना पटेल चयनित हुए। नव निर्वाचित पदाधिकारियों के सम्मान मे पूर्व पदाधिकारियों सहित अधिवक्ताओ द्वारा पुष्पमालाओ से स्वागत किया गया तथा उन्हें हार्दिक बधाई एवं सफल यशस्वी कार्यकाल की शुभकामनायें दी गयी साथ ही नगर के विभिन्न संगठनों, समाजिक क्षेत्रो के प्रतिष्ठित नागरिकों एवं पत्रकारों ने भी नव निर्वाचित अधिवक्ता संघ पदाधिकारियों को बधाईया प्रेषित करते हुए अधिवक्ताओ के हित मे सकारात्मक एवं सक्रिय कार्य करने की अपेक्षा जताई साथ ही नव निर्वाचित अध्यक्ष एड.भगवान सिंह ने सहयोग के लिये अधिवक्ताओ को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए अधिवक्ताओं के हित मे सकारात्मक एवं सक्रिय कार्य करने के लिये कहा गया है।

## खेत में मृत हालत में मिला लापता युवक

**कटनी।** जिले के बाकल थाना अंतर्गत खमतरा गांव निवासी सचिन पिता वीरन सिंह लोधी (24) का शव रविवार को गांव के कटरा घर के पास खेत में मिला है। युवक पिछले चार दिनों से घर से लापता था, जिसकी गुमशुदगी 31 दिसंबर को बाकल थाना में दर्ज कराई गई थी। रविवार को युवक को शव मिलने की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मर्ग प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। बाकल थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी शिवा पाठक ने बताया कि युवक के गले में कपड़े का फंदा पाया गया है। प्रारंभिक जांच और शॉर्ट पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर प्रथम दृष्टया मामला फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस का कहना है कि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।




# कॉलेज चलो अभियान से मिली विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा की प्रेरणा

**शहडोल।** उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार दिनांक-05 दिसम्बर 2025 से 05 जनवरी 2026 तक शासकीय इंदिरा गाँधी गृहविज्ञान कन्या महाविद्यालय, शहडोल द्वारा क्षेत्रान्तर्गत शासकीय एवं अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के लिए 'कॉलेज चलो अभियान' चलाया गया।

इसके अंतर्गत महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. मुकेश कुमार तिवारी, पूर्व कुलपति के मार्गदर्शन में महाविद्यालयीन 'कॉलेज चलो अभियान' दल द्वारा नोडल डॉ. भूपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में क्षेत्रान्तर्गत उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में भ्रमण किया गया। इस दौरान सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पाण्डवनगर; भारत माता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पाण्डवनगर; माता शबरी शासकीय कन्या शिक्षा परिसर, सोहागपुर, ग्राम-कंचनपुर; शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, धुरवार; शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पचगाँव; शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, केलमनिया; सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, छतवई एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पिपरिया के साथ ही शहडोल नगर के तथा आसपास के विभिन्न उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में विज़िट करते हुए छात्र-छात्राओं को 12 वीं कक्षा के पश्चात् अध्ययन निरन्तर रखने और कॉलेज में प्रवेश लेने के लिये प्रेरित किया गया।

इस दौरान 12वीं कक्षा में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को महाविद्यालयीन प्रवेश-प्रक्रिया, महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं तथा शासन की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं के साथ ही साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत नई शिक्षा नीति के तहत बहु-विषयक शिक्षा और क्रेडिट ट्रांसफर की प्रणाली की भी विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। साथ ही, नवीन स्नातक पाठ्यक्रम के रूप में महाविद्यालय में वर्तमान सत्र से संचालित हो रहे एईडीपी कोर्स बीएससी हेल्थ केयर मैनेजमेन्ट की विस्तृत जानकारी भी प्रदान की गई। कॉलेज चलो अभियान' दल द्वारा स्मार्ट बोर्ड पर डिजिटल प्रेजेंटेशन के माध्यम से भी जानकारी दी गयी, जिससे विद्यार्थियों को रोचक ढंग से जानकारी प्राप्त हुई। दल में महाविद्यालय के डॉ. विनोद कुमार सुनार, डॉ. सरोज बाला श्याम, डॉ. जयकांत गुप्ता, डॉ. योगिता शिवहरे शामिल रहे।

## सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फैलाने पर जुर्माना

**कटनी।** शहर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए साफ-सफाई कराने के साथ ही गंदगी करने वालों पर भी जुर्माना कार्रवाई की जा रही है। नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान मिशन चौक, मीट मार्केट, शहरी क्षेत्र सहित कलेक्ट्रेट के के सामने, सार्वजनिक स्थानों पर कचरा और गंदगी फैलाने पर तीन हजार रूपए का जुर्माना लगायागया है। नगर निगम की टीम द्वारा दुकान संचालकों को हिदायत दी जा रही है कि वे शहर को साफ-स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए नगर निगम का सहयोग करें। दुकान से निकलने वाले कचरे को डस्टबिन में डालें और कचरा वाहन आने पर डस्टबिन का कचरा वाहन में दें। नगर निगम की टीम ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि शहर को स्वच्छ बनाए रखने में बाधा उत्पन्न करने वालों को के खिलाफ जुर्माना कार्रवाई की जाएगी।



# 14 बस्तियों में अक्षत कलश एवं धर्म ध्वज वितरित

**शहडोल।** सर्व हिंदू समाज के जागरण और एकता का संकल्प लेकर सकल हिंदू समाज के द्वारा 15 से 30 जनवरी के बीच पूरे देश में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शहडोल नगर में हिंदू सम्मेलन समिति के द्वारा शहडोल नगर की सभी 14 बस्तियां में कार्यक्रम किया जाना है। हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति द्वारा सनातन विधान से प्रत्येक बस्ती कि हिंदू सम्मेलन टोली को अक्षत कलश एवं धर्म ध्वज का वितरण स्थानीय पंचायती मंदिर प्रांगण में किया गया। हिंदू सम्मेलन समिति के संयोजक राजेश्वर उदानियां, सहसंयोजक एडवोकेट अरविंद द्विवेदी, सह संयोजिका संचिता सरवटे, नीलम गुप्ता, मोनिका राज एवं सरदार जसबीर सिंह के द्वारा अक्षत कलश एवं धर्म ध्वज का वितरण किया गया। गौरतलब है नगर की 14 बस्तियों के हिंदू सम्मेलन आयोजन टोली द्वारा संकीर्तन के साथ अक्षत कलश एवं धर्म ध्वज को अपने अपने बस्ती के हिंदू सम्मेलन स्थल तक ले जाया गया। उक्त कार्यक्रम में नगर की मातृ शक्तियों, सज्जन शक्तियां एवं युवा शक्ति की उपस्थिति रही हैं। अक्षत कलश एवं धर्म ध्वज की हिंदू सम्मेलन स्थल में स्थापित करते समय गौ माता की पूजा अर्चना भी किया जाना है। विशाल हिंदू सम्मेलन को लेकर सर्व हिंदू समाज में उत्साह का माहौल देखा जा सकता है। बस्तियों में प्रत्येक घर में धर्म ध्वज और अक्षत कलश के साथ सम्मेलन के लिए आमंत्रण दिया जा रहा है। सरदार पटेल बस्ती में हिंदू सम्मेलन आयोजन टोली द्वारा प्रातः काल प्रभात फेरी निकल जा रही है। इसी तरह अन्य बस्तियों में संकीर्तन कलश यात्रा बाइक रैली के माध्यम से कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से हिंदू जागरण का कार्य किया जा रहा है।

## 31 जनवरी मिलेगा सरचार्ज में डिस्काउंट का लाभ

**कटनी।** मध्यप्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 के प्रथम चरण की अवधि एक माह और बढ़ा दी गई है। जानकारी के अनुसार बकायादार उपभोक्ताओं की भागीदारी और उनके उत्साह को देखते हुए योजना के प्रथम चरण की अवधि अब 31 जनवरी 2026 कर दी गई है। पिछले साल 3 नवंबर से शुरू हुई समाधान योजना 2025-26 में शामिल होकर लाखों बकायादार उपभोक्ताओं ने सौ फीसदी तक छूट का लाभ लिया। तीन माह से अधिक के बकायादार उपभोक्ता योजना के प्रथम चरण में शामिल होकर अपना बकाया बिल एकमुश्त जमा करके 100 फीसदी तक सरचार्ज माफी का लाभ उठा सकते हैं। यह योजना उन बकायादार उपभोक्ताओं के लिए वरदान बनी है जो सरचार्ज के कारण मूलधन राशि जमा नहीं कर पा रहे थे। अब उन्हें समाधान योजना के प्रथम चरण में 60 से 100 प्रतिशत तक छूट के साथ एकमुश्त या किस्तों में भुगतान करने का विकल्प मिल रहा



# सीएम के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर तैयारी बैठक

▶ डॉ . मोहन यादव का भ्रमण कार्यक्रम 9 को भठिया मंदिर परिसर में प्रस्तावित

**शहडोल ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 9 जनवरी 2026 को शहडोल जिले के जैतपुर विधानसभा क्षेत्र में भठिया मंदिर प्रांगण में प्रस्तावित कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए विधायक जैतपुर जयसिंह मरावी, विधायक जयसिंहनगर मनीषा सिंह, विधायक ब्यौहारी शरद कोल एवं जिला योजना समिति की सदस्य अमिता चपरा एवं अधिकारियों की उपस्थिति में कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने विभागीय अधिकारियो को सौंपे गए दायित्वों का प्राथमिकता के साथ निर्वहन करने के निर्देश दिए। बैठक में वाहन पार्किंग व्यवस्था, मंचीय कार्यक्रम, आमंत्रण पत्र, जनजातीय लोक कलाकारों की प्रस्तुतियां, चिकित्सा सुविधा, लोकार्पण, भूमिपूजन, हितलाभ का वितरण, विभिन्न विभागों द्वारा शासकीय योजनाओं पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी, के संबंध में चर्चा कर संबंधित विभाग के अधिकारियो को निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवम प्रजापति, अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व काजोल सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें।

# उमरिया ने शहडोल को हराकर हासिल किए तीन अंक

▶ अंतर जिला सीनियर क्रिकेट प्रतियोगिता का रोमांचक आगाज




**शहडोल।** संभागीय क्रिकेट एसोसिएशन शहडोल के तत्वावधान में अंतर जिला सीनियर वर्ग की दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ 3 जनवरी 2026 से एमपीसीए ग्राउंड शहडोल में हुआ। प्रतियोगिता का पहला मुकाबला शहडोल एवं उमरिया जिलों की टीमों के बीच खेला गया, जो अंतिम ओवर तक चले रोमांचक मुकाबले में उमरिया के पक्ष में रहा।

टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करते हुए शहडोल की टीम ने शानदार शुरुआत की और शुरुआती ओवरों में ही उमरिया के चार प्रमुख बल्लेबाजों को पवेलियन भेज दिया। हालांकि इसके बाद उमरिया की ओर से राम चैधरी एवं मासूम राजा ने संयमित एवं शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए शतकीय साझेदारी की और टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। दिन की समाप्ति पर उमरिया ने अपनी पहली पारी में 334 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया। 334 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी शहडोल की टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और उसके शुरुआती पांच बल्लेबाज मात्र 25 रन के स्कोर पर आउट होकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद भी शहडोल के बल्लेबाजों ने संघर्ष जारी रखा और मुकाबला अंतिम ओवर तक रोमांचक बना रहा, लेकिन आखिरी ओवर में पूरी टीम ऑलआउट हो गई। पहली पारी की बढ़त के आधार पर उमरिया की टीम ने यह मुकाबला जीतते हुए तीन महत्वपूर्ण अंक अपने नाम किए। मैच के निर्णायक के रूप में धीरज अग्रवाल एवं मोहम्मद सिकंदर उपस्थित रहे, जबकि स्कोरिंग की जिम्मेदारी संदीप सतनामी ने निभाई। इस अवसर पर मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की क्रिकेट डेवलपमेंट कमेटी के सदस्य शांतनु त्रिपाठी, संभागीय क्रिकेट एसोसिएशन शहडोल के अध्यक्ष सुनील खरे, सचिव अजय द्विवेदी एवं सोनू रॉबिंसन भी मौजूद रहे। मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए रोशन केवट को 'प्लेयर ऑफ द मैच' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। रोशन केवट ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट झटके और साथ ही 36 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेलकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। प्रतियोगिता का अगला मुकाबला 4 जनवरी से अनूपपुर एवं उमरिया के मध्य एमपीसीए ग्राउंड शहडोल में खेला जाएगा।



## बिरसा मुंडा शासकीय चिकित्सा परिसर में फुटबाल स्पर्धा प्रारंभ

शहडोल। बिरसा मुंडा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय परिसर शहडोल में 10 जनवरी तक आयोजित होने वाली फुटबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय के डीन डॉ. गिरीश बी रामटेके ने किया। उन्होंने कहा कि फुटबाल प्रतियोगिता के आयोजन का उद्देश्य छात्रों में पढाई के साथ-साथ खेल भावना, टीम वर्क और शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना है। कॉलेज के छात्रों के लिए खेल प्रतिभा दिखाने का एक उत्कृष्ट मंच साबित भी होगा। फुटबॉल प्रतियोगिता में कुल 6 टीमें भाग लेगी। इस अवसर पर कॉलेज के शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## तिलक कॉलेज में बनाए जाएंगे चार विषयों के शोध केन्द्र

**नवभारत, कटनी।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय तिलक इस स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में शोध केंद्र की स्थापना चार विषयों में हिंदी, राजनीति शास्त्र, भौतिक शास्त्र एवं वाणिज्य संख्या में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर द्वारा किया गया है। शोध केंद्र की स्थापना होने से कटनी जिले के विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा पीएचडी उपाधि प्राप्त करने में विशेष सहयोग प्राप्त होगा। शोध प्रकोष्ठ प्रभारी डॉक्टर माधुरी गर्ग ने बताया कि शोध केंद्र की स्थापना समाज और शैक्षिक व्यवस्था के बौद्धिक विकास की आधारशिला है शोध केंद्र के माध्यम से नए तथ्यों सिद्धांतों और अवधारणाओं का विकास होगा विद्यार्थियों के चिंतन विश्लेषण क्षमता और नवाचार की प्रवृत्ति में निरंतर वृद्धि होगी उनमें आत्मनिर्भरता और प्रतिस्पर्धा का भाव जागृत होगा। शोध केंद्र की स्थापना कटनी जिले के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। जिले के सभी शासकीय अशासकीय महाविद्यालय के शैक्षणिक संवर्ग में हर्ष और उत्साह का वातावरण है।

## युवा नेतृत्व को मिली बड़ी पहचान शेखर खान बने प्रदेश सचिव



**शहडोल।** मध्य प्रदेश की राजनीति में युवाओं को आगे लाने और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की दिशा में कांग्रेस पार्टी ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

अपनी सक्रियता, संगठनात्मक क्षमता और समाज के प्रति समर्पण के लिए पहचाने जाने वाले एडवोकेट एवं वरिष्ठ पत्रकार शेखर खान को मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी (अल्पसंख्यक विभाग) का प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति न केवल संगठन के लिए बल्कि युवा नेतृत्व के लिए भी एक सकारात्मक संदेश मानी जा रही है।

### वरिष्ठ नेतृत्व ने जताया भरोसा

यह नियुक्ति मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की अनुशंसा पर एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष जनाब इमरान प्रतापगढ़ी के निर्देशानुसार की गई है। साथ ही इस निर्णय में मध्य प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रभारी जनाब निजामुद्दीन कुरैशी की सहमति भी शामिल रही, जो शेखर खान की संगठन के प्रति निष्ठा और कार्यक्षमता का प्रमाण है।

### संगठन को मिलेगी जमीनी मजबूती

मध्य प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष शेख अलीम (एडवोकेट) द्वारा जारी नियुक्ति पत्र में विश्वास व्यक्त किया गया है कि शेखर खान पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों के अनुरूप कार्य करते हुए संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करेंगे। उनकी नियुक्ति से कार्यकर्ताओं में उत्साह और हर्ष का माहौल है।